# मण्डेलिया ने किया हज यात्रियों का स्वागत

- काजी अब्बास अली तथा उमराह हज कर वापस वतन लौटने वाले सिराज खां जोईया का साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया

**चूरू।** शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय मंडेलिया हाउस चूरू में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफिक मंडेलिया के मुख्य आतिथ्य में चूरू शहर से हज यात्रा पर जाने वाले निसार खां पूर्व जिलाशीक्षा अधिकारी, आरिफ खां दौलतखानी, काजी अब्बास अली तथा उमराह हज कर वापस वतन लौटने वाले सिराज खां जोईया, इमरान खां सरकेल का रफ़ीक मंडेलिया ने शॉल, साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। तथा सभी हाजियों से आान किया कि हज के समय देष में अमन चैन खुशहाली व भाईचारा तथा देश की उन्नती व तरक्की की दुआएं करेंगे।

इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रफिक मंडेलिया ने कहा कि सभी हाजी उस पवित्र स्थान पर जाकर मानवता के कल्याण की प्रेरणा लेंगे तथा मानवता के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करेंगे और अपने भारत वर्ष की उन्नती व खुशहाली के लिए दुआएं करेंगे। इस अवसर पर पंचायत समिति प्रतिपक्ष नेता धर्मेन्द्र बुडानिया, चूरू शहर ब्लॉक अध्यक्ष असलम खोखर, देहता ब्लॉक अध्यक्ष किशोर धांन्दू, गोविन्द महनसरिया, आदूराम न्यौल, मोहम्मद हुसैन निर्वाण, कमला पुनियां, रमजान खान, ओबीसी प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष नारायण बालाण, रामेष्वर प्रजापत, रामप्रताप कांटिवाल, लालचंद सैनी, शिवकुमार शर्मा, विद्याधर मेघवाल, विमल शर्मा, असलम खां मोयल, समीउल्लाह गौरी, सोहनलाल मेघवाल, निसार खान, विनोद खटीक, आरिफ रिसालदार, बजरंग बजाड़, प्यारेलाल दानोदिया, सद्दाम हुसैन, अजीज दिलावरखानी, चंदन मेघवाल, अनीस खां, तोफिक खान, बाबू खान, रामेष्वर नायक, जाफर खान, गोपाल शर्मा, अब्बास खां, तारीख नागौरी, अजू लुहार, मुस्लिम लुहार, आसिफ निर्माण, सहित अनेक कांठोस कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन जिला कांठोस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने किया।

# लकड़ी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई जारी

**झुंझुनूं,** । जिले में अवैध रूप से हरी लकड़ियों की तस्करी करने वाले तस्करों के खिलाफ वन विभाग सख्त नजर आ रहा है। वन विभाग के डीएफओ उदाराम सियोल और एसीएफ हरेंद्र भाकर के निर्देशन में टीम लगातार कार्रवाई कर हरी लकड़ियों को जब्त कर रही है। रविवार देर शाम को जिले के बाकरा गांव में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित खेजड़ी की लकड़ियों से भरी एक पिकअप गाड़ी को जब्त किया। वन सुरक्षा रेंजर संदीप लोयल के नेतृत्व में कि कार्रवाई में यह लकड़ियां अवैध रूप से हरियाणा ले जाई जा रही थीं। कार्रवाई के दौरान विभाग की टीम ने एक महरमपुर निवासी सूरजभान को मौके से हिरासत में लिया है। रेंजर संदीप लोयल ने बताया कि वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बाकरा गांव के रास्ते से खेजड़ी की लकड़ियां तस्करी कर दूसरे राज्य में भेजी जा रही हैं। सूचना के आधार पर टीम ने बाकरा गांव के रास्ते में नाकाबंदी कर संदिग्ध पिकअप गाड़ी को रुकवाकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में प्रतिबंधित खेजड़ी की लकड़ियां भरी हुई थी। जिस पर वाहन जब्त कर चालक सूरजभान को हिरासत में लिया गया। वन विभाग ने आरोपी के खिलाफ वन अधिनियम 1953 की धारा 41, 42 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई टीम में वनपाल सत्यवीर, जयवीर, सहायक वनपाल पिंकू कुमार, वनरक्षक भरत कुमार एवं सुनिल कुमार इत्यादि शामिल थे।

## सार-समाचार

### ज्ञापन सौंपा

**झुंझुनूं,** । एनटीटी भर्ती 2018 पूरी करवाने की मांग को एनटीटी संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष अनिल झाझड़िया के नेतृत्व में जिला कलेक्टर रामावतार मीणा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग में एनटीटी भर्ती 2018 में 1350 पदों पर निकाली गई थी। उसमें 1040 नॉन टीएसपी 310 टीएसपी पदों पर भर्ती निकाली गई थी। जो अभी शिक्षा विभाग में भर्ती प्रक्रियाधीन है। जो सात साल से लंबित है इस भर्ती अब तक 958 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जा चुकी हैं। शेष पदों को जल्द भरने की मांग की गई व न्यायालय में पीपीटीसी, रामा कॉलेज व अन्य मामले लंबित हैं। उनकी जल्द सुनवाई करवाके उनके निस्तारण की मांग की गई। जिससे भर्ती जल्द पूरी हो सके। इस दौरान विष्णु शर्मा, अशोककुमार, राजकुमारी महला अन्य अभ्यर्थी मौजूद रहे।

### डेढ लाख लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

**झुंझुनूं,** । राजस्थान रोडवेज के झुंझुनूं डिपो के परिचालक तरूण बागोरिया व ऊर्फ तनू ने ईमानदार का परिचय देते हुए एक यात्री के डेढ लाख रूपए वापिस लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। दरअसल ये पैसे यात्री बस में भूल गया था। ईमानदारी का परिचय देते हुए तरूण ने यात्री को ढूंढकर उनको कार्यालय में मुख्य प्रबंधक गणेश शर्मा, प्रबंधक यातायात महेश, सहायक यातायात निरीक्षक भावी व प्रभारी विजेंद्र चौधरी की उपस्थिति में लौटाए।

### रस्साकसी व खो-खो प्रतियोगिता हुई

**झुंझुनूं,** । वर्षा टीटी कॉलेज में चल रहे खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान शनिवार को रस्साकसी व खो–खो प्रतियोगिता हुई। रस्साकसी प्रतियोगिता में बीएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु विजेता रहे। तो वहीं खो–खो प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं की टीम विजयी रही। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा व प्रवक्ता सुमन झाझड़िया समेत अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### कल्याण अस्पताल का निरीक्षण किया

**सीकर** ।अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) सीकर भावना शर्मा द्वारा शनिवार को श्री कल्याण राजकीय चिकित्सालय सीकर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण केदौरान हीटवेव के प्रबंधन के संबंध में दवाईयों और आवश्यक सेवाओ की उपलब्धता की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान हीटवेव स्ट्रोक के संबंध में सभी व्यवस्थाएं सही पाई गई गई। उन्होंने हीटवेव को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

### सम्मान समारोह आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** । स्व.श्रीमती विमला देवी खींची की तृतीय पुण्यतिथि पर समाज की 41 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।
यह जानकारी देते हुए सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक शंकर लाल खींची ने बताया कि इस अवसर पर 10वीं, 12वीं, स्नातक एवं सरकारी सेवा में चयनित खटीक समाज की प्रतिभाओं का माल्यार्पण ,प्रतिक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मख्खन लाल खींची ने की जबकि नागरमल चोहला, शंकरलाल चोहला मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम का संचालन द्वारका प्रसाद खींची ने किया।

### महंत ओमदास महाराज से लिया आशीर्वाद

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** । भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित नवलगढ़ निवासी टीना कल्याण ने शनिवार को सांगलिया धूणी पहुंचकर समाधि पर धोक लगाकर मंगल कामना की तथा पीठाधीश्वर ओमदास महाराज का आशीर्वाद लिया । इस अवसर पर बाबा खींवादास पीजी कॉलेज के समस्त स्टाफ ने गुरु महाराज व बाबा साहेब की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया।

# परिसिमीन को लेकर आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी

**तारानगर ( निसं )।** ठााम पंचायत व पंचायत समिति परिसीमन विरोध में तारानगर क्षेत्र के गाँव गाजुवास गड़ाना में ठाामीणों का शनिवार को आमरण अनशन तीसरे दिन भी जारी रहा। अनशनकारी उमरावसिंह ने कहा कि सरकार ने तारानगर की जनता के साथ घोर अन्याय किया है तथा नई पंचायत समिति भालेरी को, सरकार की इस हटधर्मिता को तारानगर की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी केवल भाजपा एक नेता अपने पुत्र मोह के कारण पुत्र को राजनीति में स्थापित करने के लिए तारानगर की जनता को बांटने का काम कर रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सुरेंद्र सहारण ने कहा की आने वाली 4 मई रविवार को तारानगर विधायक नरेन्द्र बुडानिया व चूरू सासंद राहुल कस्वां आंदोलन के समर्थन में पहुंचकर आंदोलन को और मजबूत करेंगे। इस अवसर पर रामनिवास तिवाड़ी, सुरेंद्रसिंह राठौड़, रूपाराम सहारण, भानीराम सहारण, मदनलाल पांडिया, मुकेश पांडिया, रामजस सहारण, प्रताप नाई, मगनगिर गोस्वामी, रामावतार पांडिया, सोहनलाल प्रजापत, मुखराम सहारण, इमलाल, रामकरण, हेमगर गोस्वामी, मुरलीधर पांडिया, च्यानन, जीवनराम सोनी, रामस्वरूप, गोरुराम, हरजी, नेमजी गडाना , नरेश खारड़िया, बलवान सहित गाँव के काफी लोग मौजूद रहे।

# पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

**झुंझुनूं,** । महावीर इंटरनेशनल सनराइज द्वारा वीरा प्रमिला शर्मा एवं वीर रंजन शर्मा के सौजन्य से नंदी गौशाला परिसर झुंझुनूं में भीषण गर्मी को देखते हुए पानी के 25 परिंडे लगाए एवं गौमाताओं को हरी सब्जियां खिलाई गई।

अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान ने बताया कि परिंडे लगाने के साथ साथ पानी डालने की भी समुचित व्यवस्था की जाती है।

ताकि बेजुबान पक्षी पानी नियमित पी सके। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. नरेंद्रसिंह नरूका, जयप्रकाश शर्मा, देवेंद्र कुमार गौड, प्रदीप कुमार शुक्ला, लाला टेलर एवं काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# जन्मदिन पर गायों को खिलाया गुड़ और चारा

**झुंझुनूं,** । महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का 74वां जन्मदिन श्री गोपाल गौशाला में मनाया। जहां संस्थान के पूर्व जिलाध्यक्ष छगनलाल धूपिया के सानिध्य में अशोक गहलोत के समर्थकों ने अपने हाथों से गायों को गुड व हरि सब्जियां खिलाई।

प्रदेश कांठोस सचिव ताराचंद सैनी ने गायों की सेवा करते हुए कहा कि अशोक गहलोत द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक पंहुचा है। प्रत्येक व्यक्ति को मिले स्वास्थ्य लाभ योजना को राजस्थान में लागू करके दुनिया में नया अध्याय जोड़ा।

कांठोस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष खलील बुडाना ने बताया कि राज्य के विकास में अहम भूमिका कांठोस सरकार की रही हैं। झुंझुनूं जिले को कुम्भाराम लिफ्ट कैनाल जैसी योजना में शामिल करके पीने के पानी से निजात दिलवाई।

पेंशनर समाज के जिला महामंत्री चंद्रप्रकाश धूपिया ने बताया कि अशोक गहलोत शासक नहीं जननायक हैं। गौशाला में ख्वाजा आरिफ, सुभाष सिंगोदिया, द्वारकाप्रसाद सैनी, मदनलाल सैनी, राधेश्याम धूपिया, विनोद धूपिया, कर सलाहकार किशन सैनी, बृजलाल सैनी, मास्टर सुरेश सैनी, लक्षण धूपिया, दीनदयाल सैनी, रामलाल सैनी, देवीसिंह धूपिया, जागिराम सैनी, संजय सैनी सहित काफी लोग उपस्थित रहे।

# 26 पर्यटकों को एलआईसी दी श्रद्धांजलि

**झुंझुनूं,** । एलआईसी टीम अप्रतिम द्वारा विकास अधिकारी दीक्षांत झाझड़िया के प्रेरणा से जीवन रक्षा ब्लड सेंटर पर स्वैच्छिक रक्तदान का आयोजन कर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी गई।

उन्होंने बताया कि रक्तदान करके आप मरीजों के ईलाज में सहयोग कर सकते है। क्योंकि इससे बड़ा पुण्य का कोई कार्य नहीं है। इस स्वैच्छिक रक्तदान में विकास अधिकारी दीक्षांत झाझड़िया, संदीप कौशिक, शाखा प्रबंधक ललित मीणा, राजेश पूनियां, मोहित कुमार, कृष्ण मुरारी, लोकेंद्र पिलानिया, करीना चौधरी, अनिल नेहरा, सोनू कुमारी एवं समस्त एलआईसी टीम अप्रतिम ने भाग लिया।

# डॉ. कविता नूनियां की हिंदी साहित्य पुस्तक का विमोचन

- जेबी शाह कॉलेज की पूर्व छात्रा और वर्तमान में नोयडा में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत है

**झुंझुनूं,** । जेबी शाह कॉलेज की पूर्व छात्रा और वर्तमान में नोयडा में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यरत डॉ. कविता नूनियां की हिंदी साहित्य की प्रतियोगी पुस्तक का विमोचन झुंझुनूं की जेबी शाह गर्ल्स पीजी कॉलेज के सभागार में किया गया। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विपल्व न्यौला, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ. पवन पूनियां, विज्डम सिटी के प्राचार्य रवि शर्मा, घनश्याम पारीक, एसकेडी विश्वविद्यालय के चांसलर दिनेश जुनेजा और पूनम शर्मा की उपस्थित रहे। डॉ. शशि मोरोलिया ने लेखिका के व्यक्तित्व और कृतत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के विशेषाधिकारी एवं पूर्व निदेशक प्रो. डॉ. वेदप्रकाश शर्मा ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि यह पुस्तक गांव, ढाणी और कस्बों में रहने वाले हिंदी के विद्यार्थियों के सपनों को उपलब्धि शिखर तक पहुंचाने और उनके शैक्षिक मार्ग को सरल और प्रभावी बनाएगी। डॉ. कविता नूनियां की इस पुस्तक की महत्ता सभी विद्वतजनों अपने विचार व्यक्त किए और बताया कि यह पुस्तक नेट, जेआरएफ व सहायक प्रोफेसर की परीक्षा के लिए एक व्यापक और प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा ने सभी का स्वागत किया और महाविद्यालय के सचिव राजकुमार मोरवाल ने सभी को स्मृति चिह्न भेंट किए। डॉ. सुलेखा शर्मा ने मंच संचालन करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं छात्राएं मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को करवाया भोजन

**झुंझुनूं,** । जिले के पिलानी ब्लॉक के झेरली स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को श्रीकृष्ण भोग के तहत स्कूल के सभी 125 विद्यार्थियों को विशेष भोजन करवाया गया। संस्था प्रधान सुशीला शर्मा ने बताया कि गांव के ही सामाजिक कार्यकर्ता राहुल गुप्ता ने अपनी मां स्व. कमलेश पत्नी अशोक गुप्ता की चौथी पुण्यतिथि पर स्कूल में पढने वाले सभी विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण भोग के तहत भोजन करवाया। इसमें विशेष तौर पर खीर, जलेबी, सब्जी और रोटी थी। जिसे बच्चों ने चाव से खाया। इस मौके पर संस्था प्रधान सुशीला शर्मा ने बताया कि ठाामीणों को स्कूल से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत राहुल गुप्ता जैसे अब तक कई लोगों ने स्कूल के बच्चों के साथ अपने सुख–दुख के पलों को बांटा है। स्कूल की तरफ से संस्था प्रधान ने राहुल गुप्ता का आभार जताया। इस मौके पर संजीव कुमार, प्रदीप सैनी, कविता, करणीसिंह व रवि शर्मा आदि मौजूद थे।

# दादाबाड़ी के जीर्णोद्धार का मुर्हूत आज

**अजमेर,** (कासं)। 870 वर्ष पुरानी खरतरगच्छाचार्य श्री जिनदत्तसूरि दादाबाड़ी के जीर्णोद्धार का संकल्प–जीर्णोद्धार मुर्हूत 04 मई को दादाबाड़ी में प्रारम्भ होगा। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के प्रवक्ता रिखब सुराना ने बताया कि जीर्णोद्धार का संकल्प मुहूर्त खरतरगच्छ आचार्य संयम शारर्थी श्री जिनपीयूष सागर सूरिश्वर महाराज ठाणा–14 और शासन ज्योति संगठन प्रेरिका शतावधानी मनोहर श्रीजी महाराज ठाणा–6 के साथ ही प्रज्ञानिधि प्रियंकरा श्रीजी व अभ्युदया श्रीजी महारासा के सानिध्य में रविवार 04 मई को प्रातः 09.16 बजे दादाबाड़ी में ही आयोजित होगा जिसमें सम्पूर्ण भारत से दादा के अनुयायी भाग लेंगे। संघ मंत्री अनिल कुमार गोलेच्छा ने बताया कि महामंगलमय अनुष्ठान का प्रारम्भ 04 मई को प्रातः 08 बजे श्री शक्रस्तव अभिषेक सह पाटला पूजन, क्षेत्रपाल पूजन से प्रारम्भ होगा।

# गुढ़ागौड़जी में पेयजल की समस्या को लेकर महिलाओं ने जताया आक्रोश

- महिलाएं सड़कों पर उतरीं और सुबह सुबह पंप हाउस पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया
- टैंकर मंगवा कर पुरे गांव में पानी की कमी को पुरा किया जा रहा हैं

**गुढ़ागौड़जी,** । कस्बे में पेयजल संकट के खिलाफ ऋषिपूरा मोहल्ले की महिलाएं सड़कों पर उतरीं और सुबह सुबह पंप हाउस पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं ने बताया कि पिछले दो महीने से पानी की एक बूंद तक उनके घर तक नहीं पहुंची है ।

और लगातार बाहर से टैंकर मंगवा कर पानी की पूर्ति की जा रही है। किशन गोरसिया ने बताया कि जल की पूर्ति पूरे गांव में भी हो रही हैं। कई बार शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। जलदाय विभाग इतना सुस्त है।

कि शिकायत लेकर जाते हैं तो मौके पर कोई अधिकारी नहीं मिलता और शिकायत दर्ज नहीं होती। महिलाओं ने सुबह–सुबह पंप हाउस पहुंचकर पानी को खोलने से रोका।

उसी वक्त वहां तैनात कर्मचारियों ने जलदाय विभाग के उच्च अधिकारियों से फोन पर बात की और यह आश्वासन दिया कि एक–दो दिन में इस समस्या से निपटारा कर लिया जाएगा।

# नौतपा की तपन में श्रद्धालुओं को मिला छाछ का शीतल प्रसाद

**नसीराबाद** (निसं)। नौतपा की तीव्र गर्मी को देखते हुए शुक्रवार को श्री वीर तेजाजी महाराज एवं बासक बाबा धाम (ग्राम देराठू, नसीराबाद) की ओर से श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क गौ–छाछ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सेवा कार्यक्रम 5 बत्ती चौराहा, नसीराबाद पर आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:15 बजे किया गया, जो लगातार शाम 5:00 बजे तक चला। इस दौरान श्रद्धालुओं, राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों को लगभग 2500 लीटर छाछ का वितरण किया गया। इस पुण्य कार्य का उद्देश्य तपती धूप में लोगों को शीतलता प्रदान करना और धर्म सेवा को आगे बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में स्थानीय युवा, श्रद्धालु एवं भक्तगण पूरे उत्साह के साथ उपस्थित रहे और छाछ वितरण में सहयोग प्रदान किया।

# बांग्लादेशियों को भेजा जाएगा वापिस बांग्लादेश

- धरपकड के लिए टीमें लगाई
- हमले के बाद देश में अवैध रूप से रह बंग्लादेशियों को पकड़ा जायेगा

**झुंझुनूं,** । पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को उनके देश वापिस भेजने के लिए झुंझुनूं पुलिस सक्रिय हो गई है। जी, हां झुंझुनूं एसपी शरद चौधरी ने सभी वृत्ताधिकारियों और थानाधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे रोजाना बांग्लादेशियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाएंगे। इसके लिए टीमों का गठन किया गया है।

जो संभावित जगहों, जैसे कच्ची बस्ती, झुग्गी बस्ती आदि में जाकर सर्च करेंगे। इन बस्तियों में रहने वाले एक–एक व्यक्ति के दस्तावेजों की जांच होगी। कोई अवैध रूप से बांग्लादेशी मिलेगा तो उसे नियमानुसार वापिस उसके देश भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि ज्वैलरी कारीगारी भी बड़ी संख्या में बांग्लादेश से आते है। इनके लिए भी जांच की जाएगी। वेस्ट बंगाल के कारीगरों के अलावा कोई बांग्लादेशी कारीगर होगा तो उसे वापिस उसके देश भेजा जाएगा। इस अभियान की रोजाना समीक्षा की जाएगी। एसपी ने बताया कि पहलगाम मामले के बाद केंद्र और राज्य सरकार के निर्देशों के बाद जिले में यह अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि उनके आस–पास कोई संदिग्ध या फिर बांग्लादेशी हो तो उसकी सूचना पुलिस को बेझिझक दें। वे अपने निकटवर्ती थाने या फिर पुलिस कंट्रोल रूम झुंझुनूं में यह सूचना दे सकते है।


## खोया-पाया

मेरा भूखण्ड मूल पट्टाधारक मोहनलाल पुत्र मानमल मुसरफ निवासी राजगढ से जरीए बैनामा रामबिलास, बनारसीलाल पुत्र गजानंद ब्राह्मण निवासी राजगढ़ के वारिसान से जरिये बैनामा मंगलचंद पुत्र शंकरलाल अग्रवाल निवासी राजगढ़ से जरिये बैनामा मुझ प्रार्थी की खरीदशुदा है, जो वार्ड नं. 10 रानीसती मंदिर के पासे तादादी 29.58 वर्गमीटर है। जिसका मूल पट्टाधारक से खरीद के बैनामा की फोटोकॉपी गुम हो गयी है। शपथग्रहिता–राजसिंह पुत्र सुखदेवाराम जाति जाट निवासी लाखलाण बड़ी तह. राजगढ़, चूरू (राज.)

मेरा भूखण्ड मूल खातेदार भंवरलाल, बाबूलाल श्रीराम पुत्र बाधाराम खटीक निवासी राजगढ़ से जरीए बैनामा सुखदेवाराम पुत्र अमरूराम मेघवाल से जरिये इकरानामा दिनांक 16/01/2017 को तादादी 500 दरगज मुझ प्रार्थीन की खरीदशुदा है, जो ख.नं. 525 रोही कस्बा राजगढ में है। जिसका मूल खातेदार से खरीद का बैनामा की फोटोकॉपी गुम हो गयी है।
शपथग्रहिता– किरण देवी पत्नी ओमप्रकाश जाति नाई निवासी वार्ड नं. 26, राजगढ़ तह. राजगढ़ चूरू (राज.)

## विवाधकों के स्थिरीकरण के लिये समन
(आदेश 5 के नियम और 5)

न्यायायलय उपखण्ड अधिकारी महोदय स्थान मलसीसर।
वादी श्रवण कुमार विरुद्ध कुम्भाराम वगैरह
दावा बाबत विभाजन एंव स्थाई निषेधाज्ञा
सिविल वाद संख्या 28 सन् 2023
प्रेषित :– 1. जितेश कुमार पुत्र इन्द्राज, 2. परमेश्वर पुत्र दुर्गाराम, 3. भवंरलाल पुत्र महावीर प्रसाद 4. संजय पुत्र महावीर प्रसाद समस्त जाति खाती निवासी कालियासर तहसील मलसीसर जिला झुझुनूं
वादी श्रवण कुमार ने आपके विरुद्ध दावा बाबत खाता विभाजन एंव स्थाई निषेधाज्ञा के लिये वाद के लिये संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 07.05.2025 को दिन के 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपंसजात होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवाना प्रश्नों का उतर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें। आपको सुचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो वाद कीसुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से
उपखण्ड अधिकारी
मलसीसर ( झुंझुनू )

## विवाधकों के स्थिरीकरण के लिये समन
(आदेश 5 के नियम और 5)

न्यायायलय उपखण्ड अधिकारी महोदय स्थान मलसीसर।
वादी दीनदयाल विरुद्ध कन्हैयालाल वगैरह
दावा बाबत खाता विभाजन एवं स्थाई निषेधाज्ञा
सिविल वाद संख्या 53 सन् 2023
प्रेषित :– 1. परमेश्वर , 2. सीताराम, 3. भागीरथ उर्फ भगवती , 4. हणमान समस्त पुत्रगण रामगोपाल उर्फ रामेश्वर जाति महाजन निवासी गांगियासर तहसील बिसाऊ जिला झुझुंनू ।
5. बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ठाामीण बैंक शाखा गांगियासर जरिये शाखा प्रबन्धक।
6. राजस्थान सरकार जरिये लेण्ड होल्डर तहसीलदार बिसाऊ जिला झुझुंनू ।
वादी दीनदयाल ने आपके विरुद्ध दाया बाबत खाता विभाजन एंव स्थाई निषेधाज्ञा के लिये वाद के लिये संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 14-05-2025 को दिन के 10.30 बजे दावे का उतर देने के लिये उपसंजात होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवाना प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा या लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करें। आपको सुचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख 02.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
आज्ञा से
उपखण्ड अधिकारी मलसीसर ( झुंझुनू )


# पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढा की अमर्यादित टिप्पणी से झुंझुनूं डीटीओ आहत

## भावुक हुए डीटीओ, बोले- एक शब्द बोलने की स्थिति में नहीं, मेरी पत्नी, बेटी, मां और परिवार के लिए कर रहे है अमर्यादित टिप्पणी

**झुंझुनूं,** । झुंझुनूं डीटीओ मक्खनलाल जांगिड़, उनकी पत्नी, बेटी, मां और परिवार को लेकर की गई टिप्पणी से काफी आहत हो गए है।

उन्होंने अपनी पीड़ा परिवहन आयुक्त को भेजी है। दरअसल ई रवन्ना के आधार पर काटे गए चालानों की राशि जमा ना करवाने पर डीटीओ झुंझुनूं में 229 वाहनों की आरसी निलंबित कर दी थी। इनमें से 34 वाहनों की चालान राशि जमा होने के बाद उनकी आरसी बहाल भी कर दी गई है। बावजूद इसके डंपर यूनियन द्वारा पिछले छह दिनों से डीटीओ कार्यालय के बाहर धरना दिया जा रहा है। गत दिनों धरना स्थल पर पहुंचे पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढा ने अपने भाषण में डीटीओ कार्यालय और डीटीओ डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ के साथ–साथ उनकी मां, पत्नी, बेटी व परिवार को लेकर अमर्यादित टिप्पणियां की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर अपने और परिवार के सदस्यों पर अमर्यादित टिप्पणी सुनकर डीटीओ डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ व उनका पूरा परिवार तनाव में है। जिस पर डीटीओ ने परिवहन आयुक्त को पत्र लिखकर न्याय मांगा और उचित कानूनी संरक्षण की मांग की है।

इस मामले में जब हमने डीटीओ डॉ. मक्खनलाल जांगिड़ से बातचीत की तो वे ठीक ढंग से बता भी नहीं पाए और बताते–बताते इतने भावुक हो गए कि इस बारे में एक भी शब्द बोलने की स्थिति में नहीं हुई है। इसके बाद भी उन्होंने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि लोकतंत्र में धरना–प्रदर्शन और अपनी मांगों को रखने का सबको हक है। लेकिन मैंने जो काम किया है। वो राजहित में किया है और नियमों में किया है। यदि मैंने कुछ गलत किया है तो उसकी जांच हो जाएगी और कानून मुझे सजा दे देगा। डीटीओ ने कहा कि धरना प्रदर्शन करने वालों को मेरे परिवार, खासकर बेटी, पत्नी और मां को लेकर अमर्यादित टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा का आदर करता हूँ। उनके द्वारा ऐसे शब्दों ने मुझे और मेरे परिवार को ठेस पहुंचाई है। जिसके लिए मैं अपील ही कर सकता हूं कि मुझसे शिकायत है तो मेरी जांच करवा ली जाए। लेकिन मेरे परिवार को लेकर अनर्गल टिप्पणी ना करें। आपको बता दें कि इससे पहले पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा की अमर्यादित टिप्पणयों की शिकायत अजमेर डिस्कॉम के अधिकारी और कर्मचारी भी कर चुके है।

इसी धरने में भाषण के दौरान लाल डायरी के बाद सुर्खियों में आए पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने एक बार फिर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर बडा हमला बोला। राजेंद्र सिंह गुढा ने कहा है कि भ्रष्ट और बेईमान लोगों पर कार्रवाई होती है। इसमें देर हो सकती है। पर अंधेर नहीं होती। उन्होंने पूर्व मंत्री महेश जोशी का नाम लेते हुए कहा कि महेश जोशी उनके साथ मंत्री रहे है। वे रिमांड पर चल रहे थे और उनकी पत्नी का निधन हो गया। जो खाए है।

वो तो निकलेंगे ही। उन्होंने कहा कि 960–90 करोड़ रूपए अकेले महेश जोशी ने नहीं खाए। इसमें अशोक गहलोत का भी हिस्सा था। उन्होंने कहा कि वे अशोक गहलोत के साथ दो बार 10 सालों तक सरकार में रहे है। भ्रष्टाचार के पैसों का ढेर लगता था। जिसका बंटवारा होता था तो सबसे बड़ा हिस्सा अशोक गहलोत लेकर जाते थे।

# बुहाना में पांच साल की बालिका से दुष्कर्म, आरोपी को जेल भेजा

- बुहाना में एक साढे पांच साल की बालिका से दुष्कर्म, आरोपी को जेल भेजा
- दुष्कर्म किए जाने का सनीसनीखेज मामला सामने आया

**झुंझुनूं,** । जिले के बुहाना थाना इलाके के एक गांव में साढ़े पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का सनीसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि पुलिस के पास सूचना आई थी कि एक साढे पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म कर आरोपी उसे घर के पास ही एक चौक में छोड़कर चला गया। जिस पर पुलिस ने बच्ची को पहले अस्पताल में भर्ती करवाया। इसके बाद आरोपी को डिटेन किया। इधर, जानकारी करने पर सामने आया कि आरोपी घसेड़ा गांव का रवि कुमार उर्फ कालिया अहीर है।

जिसकी उम्र लगभग 35–37 साल है। आरोपी का बच्ची के घर पर आना–जाना था। साढ़े पांच साल की बच्ची आरोपी को कालिया बाबा कहकर पुकारती थी। अकसर वह बच्ची को खिलाने के लिए उसके घर भी आता था और अपने घर पर भी ले जाता था। वारदात की शाम भी करीब चार बजे आरोपी रवि कुमार उर्फ कालिया बाबा बच्ची को अपने घर ले गया। जहां उससे दुष्कर्म किया और 40 मिनट बाद, शाम चार बजकर 40 मिनट पर वापिस घर से 100 मीटर दूरी पर चौक पर छोड़ चला गया। बच्ची जब घर पहुंची।

तो उसने आप बीती बताई और वह लहुलूहान हालत में थी। जिस पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और बच्ची को अस्पताल में एडमिट करवाया। जब बच्ची को अस्पताल में एडमिट करवाया गया। तब भी बच्ची सहमी हुई थी और धूज रही थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी रवि कुमार उर्फ कालिया को गिरफ्तार कर लिया है। रवि कुमार उर्फ कालिया के खुद के भी 13 साल की बेटी है।

जो पीड़िता से दोगुनी से ज्यादा उम्र की है। बावजूद रवि कुमार उर्फ कालिया ने हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए साढ़े पांच साल की बच्ची को अपनी हवस का शिकार बना लिया। रवि कुमार उर्फ कालिया नशे का आदि है। यही कारण है कि करीब 10 साल पहले ही उसकी पत्नी और बेटी उसे छोड़कर चली गई थी। पुलिस पूरे मामले का अनुसंधान कर रही है।

घटना स्थल का मौका मुआयना कर साक्ष्य जुटाए गए है। बच्ची का भी मेडिकल करवाकर कोर्ट में बयान करवा दिए गए है। इस मामले में आरोपी को जल्द से जल्द सजा हो। इसके लिए एसपी शरद चौधरी ने इस मामले को केस आफिसर स्कीम में लिया है। ताकि आरोपी के खिलाफ चालान जल्द कोर्ट में पेश किया जा सके। इस बीच, शनिवार को आरोपी को पोक्सो कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।